झारखंड की मनीषा केरकेट्टा ने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

चर्चा में क्यों?

3 दिसंबर, 2023 को आर्मेनिया में हो रहे IBA जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के सिमडेगा ज़िले की मनीषा केरकेट्टा ने 54 किलो बालिका वर्ग में रजत पदक जीता।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि आर्मेनिया के येरेवन में जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 24 नवंबर से 4 दिसंबर, 2023 तक किया गया। इस प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता में 26 भार वर्गों में 58 देशों की 448 युवा प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- झारखंड की मनीषा केरकेट्टा 54 किलो बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की अयाजान सीडिक के हाथों हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- उल्लेखनीय है कि झारखंड के सिमडेगा ज़िले की कोनपाला पंडरीपानी गाँव की मनीषा केरकेट्टा वर्ल्ड जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 23 साल बाद रजत पदक जीतने वाली झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी बन गई है।
- मनीषा केरकेट्टा वर्ष 2018 से सीसीएल और झारखंड सरकार के संयुक्त पहल से चलाई जा रही खेल अकादमी 'झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी' (JSSPS) की प्रशिक्षु हैं और प्रशिक्षक द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन ब्रजभूषण मोहंती से प्रशिक्षण ले रही हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-s-manisha-kerketta-won-silver-medal-in-junior-world-boxing